Disability Inclusion
Education for All

# समायोजन के स्तर

**सुविधाकर्ता (फसिलिटेटर) SSG के सदस्यों को मीटिंग में प्रोफ़ाइल को पूरा करने के लिए एक साथ काम करने में सहायता देगा, जिसमें विद्यार्थी की भागीदारी और शिक्षा-प्राप्ति को सक्षम बनाने के लिए आवश्यक समायोजन के स्तर पर सहमति देना भी शामिल है।**

| समायोजन के स्तर का विवरण | इसका क्या अर्थ है? |
| --- | --- |
| विद्यार्थी संपूर्ण-स्कूली सतर पर पेशकश की जाने वाली **सहायताओं के वर्तमान परिवेश** के भीतर समान-आयु वर्ग के साथियों को प्रदान किए गए शिक्षा कार्यक्रम का प्रयोग करते हैं। | इसका अर्थ है कि **किन्हीं समायोजनों** (एडजस्टमेंट) की आवश्यकता नहीं है। |
| **अलग-अलग शिक्षण** कक्षा-व्यापी समायोजन को संदर्भित करता है जो विद्यार्थियों के एक व्यापक समूह को उनके साथियों के समान आधार पर शिक्षा-प्राप्ति तक पहुँच पाने में सहायता देता है। | इसका अर्थ है कि समायोजन **सामान्य कक्षा अभ्यास के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं।** |
| **पूरक समायोजन** सप्ताह की विशिष्ट समयावधियों पर कुछ गतिविधियों के लिए घटित होते हैं। स्कूल विद्यार्थी के लिए कुछ व्यक्तिगत कार्यनीतियाँ प्रदान करता है। | इसका अर्थ है कि समायोजन **कभी-कभी ही प्रदान किए जाते हैं।** |
| **महत्वपूर्ण समायोजन** शैक्षिक कार्यक्रम के लिए ऐसे समर्थन या समायोजन होते हैं जो विद्यार्थी के लिए अधिकांश समय अधिकांश दिन प्रदान किए जाते हैं। | इसका अर्थ है कि समायोजन **ज़्यादातर समय प्रदान किए जाते हैं।** |
| **व्यापक समायोजन** विद्यार्थी के लिए हर समय व्यक्तिगत और लक्षित समायोजन और/या गहन सहायता के रूप में होते हैं। | इसका अर्थ है कि समायोजन **हर समय प्रदान किए जाते हैं।** |

Hindi | हिन्दी

22-030

VICTORIA State Government | Department of Education